टाइम्स उत्तराखंड पुलिस सम्मान 22 में माननीय राज्यपाल महोदय का संबोधन

(30 अक्टूबर, 2022)

जय हिन्द!

मंच पर उपस्थित संत श्री भोले जी महाराज, मंगला माता जी, 'टाइम्स ग्रुप' के वाइस प्रेसिडेंट श्री धनुष वीर सिंह जी, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कुमार जी, पुलिस के जवान और उनके परिवार के सदस्य गण और यहां उपस्थित सम्मानित महानुभावों!

समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने के लिए पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किये जाने के इस समारोह में आकर मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है।

सबसे पहले मैं आज उन सभी पुलिस के जवानों को विशेष बधाई देता हूँ जिन्हें उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है।

ऐसे जवान हमारे गौरव हैं। आदर्श एवं प्रेरणास्रोत हैं।

आज के समय में पुलिस के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व चुनौतीपूर्ण और व्यापक होते जा रहे हैं।

आज पुलिस केवल कानून व्यवस्था स्थापित करने तथा अपराधों पर नियंत्रण तक सीमित नहीं है। पुलिस की भूमिका रचनात्मक भी हो गई है।

आज हमारी पुलिस युवाओं को उचित मार्गदर्शन देने, नशा मुक्ति अभियान चलाने, असहाय लोगों की मदद करने, मानवीय सेवा तथा मुसीबत में पड़े लोगों तक सहायता पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य कर रही है, यह सराहनीय है। हमें अपनी संवेदनशीन पुलिस से ऐसी ही अपेक्षा है।

मेरा विश्वास है कि पुलिस और Public के बीच बेहतर Coordination आवश्यक है। आज Effective Policing की आवश्यकता बढ़ गई है।

पुलिस को नई परिस्थितियों के अनुसार अपनी क्षमता और Training में निरन्तर सुधार की जरूरत है।

आज के Digital युग Cyber Crime, Social Media Crime भी पुलिस के समक्ष बड़ी चुनौती है। इसके लिये पुलिस विभाग में High level, Cyber cell के गठन की आवश्यकता है। समाज में अपराधों के नियंत्रण में Technology, Artificial

Intelligence, ICT अर्थात Information and Communication Technology पुलिस के लिये वरदान सिद्ध हो सकती है।

इस नये – नये चैलेंजों से निपटने के लिए अपनी बौद्धिक कुशलता का उपयोग करना होगा।

अपनी कार्य प्रणाली और विचारों में परिवर्तन लाना होगा। जैसे जैसे देश आगे बढ़ रहा है। वैसे ही हमारी जरूरतें और सपने भी बदल रह हैं।

हमें हर क्षेत्र में अपनी सोच एक पूर्ण विकसित भारत की सोच बनानी होगी।

एक विकसित राष्ट्र जिस प्रकार से अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक और कर्तव्यपारायण हो सकता है उस दिशा में हमें अपनी सोच को ले जाना होगा।

लोगों को पुलिस पर विश्वास हो। हमारे जवान नये विचारों के साथ विपरीत परिस्थितियों से बाहर निकलने की सोच विकसति करें ।

समस्या का हिस्सा न बनते हुए समाधान में भूमिका निभाएं।

आज के समाज की गति बहुत तीव्र गति से बढ़ रही है। हम दुनिया में एक विकसित भारत की बात करते

हैं। एक विश्वगुरू भारत की बात करते हैं, तो हमारे कर्तव्यों और आचरण में भी ये बातें दिखाई देनी चाहिए।

उत्तराखण्ड प्रदेश को हर क्षेत्र में सुगम और समृद्ध बनाना भी हम सब की जिम्मेदारी है।

पुलिस की इसमें बहुत बड़ी भूमिका होनी वाली है। मुझे खुशी है कि इस वर्ष हमने उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा को बहुत ही संवेदनशीलता के साथ संचालित किया है।

यात्रा की सफलता में पुलिस के जवानों की सबसे बड़ी भूमिका रही। मैने देखा है किस प्रकार हमारे पुलिस के जवान यात्रियों की मदद कर रहे थे। उन्हे राह दिखा रहे थे। उनको सड़क पार करा रहे थे। वर्षा और भूस्खलन में लोगों की सहायता कर रहे थे। किसी का सामान खो जाने पर उन्हे वापस उनके असली मालिक तक पहुंचा रहे थे।

ये सब हमने सोशल मीडिया पर देखा है। ये सब उत्तराखण्ड की मित्र पुलिस की अच्छी पहल हैं।

लेकिन ये शुरूआत है। हमें लोगों की सहायता के लिए बहुत कुछ अभी करना है।

एक विकसित भारत का अर्थ नागरिक सुविधाओं मे ंहम किस प्रकार योगदान दे सकते हैं इस सब बातों का बहुत बड़ा योगदान होता है।

मुझे खुशी है कि आप सभी नागरिक सेवाओं को बेहतर और सुचारू रूप से पूरा करने की जिम्मेवारी समझ रहे हैं।

उन्नत तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। निरंतर कुशल रणनीति, लोक व्यवहार, और चुनौतियों से निपटने की कला को सीख रहे हैं। राज्य में कानून व्यवस्थासे प्रदेश की प्रतिष्ठा बनाने में योगदान दे रहे हैं।

हमें अभी निरंतर और भी सुधार करने हैं। निपुणता और कुशलता का कोई अन्त नहीं है।

आप सभी को अपनी चितांओं के समाधान के लिए कार्य करना होगा। नई तकनीकों को विकसित करना होगा और उन्हे अपनाना होगा।

यह बहुत ही सराहनीय बात है कि उत्तराखंड पुलिस निरंतर नयी – नयी पहल, इनोवेशन करती रहती हैं। इससे कानून व्यवस्था को बनाए रखने में हम सक्षम बनते हैं।

संत भोले जी महाराज और माता मंगला जी का सानिध्य और आशीर्वाद मिला है यह बहुत ही सुन्दर अवसर है।

हंस फाउंडेशन के साथ मिल कर टाइम्स ग्रुप ने यह बहुत ही सुन्दर आयोजन किया है मैं आप को हार्दिक बधाई देता हूँ।

इस समारोह में उपस्थित आप सभी को भी बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ।

जय हिन्द